हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 21 जुलाई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

झमाझम बारिश के बाद खेतों में लौटी रौनक, किसानों ने शुरू की धान रोपाई

4

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
21 जुलाई 2026
कूपन नं.
8

खबर संक्षेप

विवेचना कार्य पर लापरवाही: एसपी ने एएसआई को किया निलंबित

जांजगीर-चांपा। विवेचना कार्य में लापरवाही बरतने वाले नैला चौकी में पदस्थ उपनिरीक्षक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए एसपी नें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केंद्र संबद्ध कर दिया है। उपनिरीक्षक भवानी सिंह चौहान द्वारा चौकी नैला, थाना जांजगीर में दर्ज अपहरण, चोरी, छेड़छाड़ एवं मारपीट जैसे गंभीर अपराधों की विवेचना की जा रही थी। प्रकरणों की जांच को लंबे समय तक बिना किसी कारण के लंबित रखा तथा विवेचना और प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित गंभीरता एवं रुचि नहीं दिखाई। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसे कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही माना और तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की। साथ ही उन्हें रक्षित केंद्र संबद्ध कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना: 31 तक करा सकते हैं फसल बीमा

जांजगीर-चांपा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष की अधिसूचित फसलों के बीमा पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। योजना का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, प्रतिकूल मौसम, फसल कटाई उपरांत होने वाली क्षति तथा अन्य अधिसूचित जोखिमों से किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले आर्थिक नुकसान की स्थिति में किसानों को सुरक्षा प्रदान करती है।

आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

जांजगीर-चांपा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अकलतरा जिला जांजगीर चांपा में प्रवेश सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए विभिन्न व्यवसाय कोपा, विद्युत कार, मैकेनिक डीजल, फिटर एवं वेल्डर में प्रवेश हेतु पंजीयन 24 जुलाई तक तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अकलतरा ने बताया कि आईटीआई में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाईट पर जाकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अकलतरा में कोपा में 8, विद्युतकार में 7. मैकेनिक डीजल में 14, फिटर में 10 एव वेल्डर में 29 रिक्त सीटो की जानकारी उपलब्ध है।

एसपी ने मकान मालिकों और संस्थानों से वेरीफिकेशन कराने दिए निर्देश

जांजगीर-चांपा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में सोमवार को पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने जिले में अवैध रूप से रह रहे अप्रवासियों के संबंध में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए बाहरी व्यक्तियों की जानकारी रखना अत्यंत आवश्यक है। इनका उद्देश्यः जिले में अवैध रूप से रह रहे लोगों, संदिग्ध व्यक्तियों और आपराधिक तत्वों पर निगरानी रखना तथा किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोकना है। मकान मालिकों व संस्थानों को मकान मालिकः किराएदार रखने से पहले उसका अनिवार्य रूप से पुलिस वेरीफिकेशन, किराएदार का आधार कार्ड, फोटो और मोबाइल नंबर रजिस्टर दर्ज कराने कहा गया है।

अधिवक्ता एवं पक्षकारों को होती है परेशानी

उप पंजीयक कार्यालय का 15 माह बाद भी नहीं हो सका स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में सर्वसुविधायुक्त तहसील भवन को बने एवं उद्घाटन होने के 15 माह बाद भी उप पंजीयक कार्यालय का स्थानांतरण अब तक नहीं हो सका है। जिसके चलते अधिवक्ता एवं पक्षकारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। खासकर पंजीयक कार्यालय के पास वकीलों के बैठने के लिए जो व्यवस्था बनाई गई है उनमें झाड़िया उग आई है। वहीं बरसाती पानी का जमावड़ा भी हो रहा है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर में नए तहसील परिसर में उप पंजीयक कार्यालय का स्थानांतरण 15 माह बाद भी नहीं हो सका है। ऐसे में पक्षकारों और अधिवक्ताओं को बेवजह परेशानी होती है, और उन्हें रजिस्ट्री से संबंधित कार्यो के लिए दोनों जगहों का चक्कर लगाना पड़ता है। खास बात यह है कि उप पंजीयक कार्यालय के स्थानांतरण की मांग लगातार की जा रही है। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। जिला बनने के ढाई दशक बाद भी जहां मुख्यालय में जिला स्तर के अधिकांश कार्यालय

जहां तहां बिखरे लगे हुए है। वहीं जिम्मेदार अफसरों की मनमानी के चलते तहसील के जमाने से एक परिसर में संचालित कार्यालय भी बिखरने लगे है। जांजगीर शहर के मुख्य चौराहा कचहरी चौक के पास पुराने तहसील भवन में तहसीलदार, एसडीएम के साथ उप पंजीयक का संचालन कई दशकों से होते रहा है। इस दौरान तहसील के पुराने भवन को डिसमेंटल करके नया भवन तैयार किया गया, तो एसडीएम और तहसीलदार के साथ उप पंजीयक के कार्यालय को भी वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कलेक्टोरेट के पासा जिला पंजीयक कार्यालय के एक कक्ष में शिफ्ट किया गया, जबकि एसडीएम कार्यालय को पुराना बीआरसी भवन (वर्तमान सीएसपी कार्यालय) और तहसील कार्यालय को उद्योग भवन में संचालित किया गया। इसके बाद बीते वर्ष जब नया तहसील भवन का उद्घाटन हुआ तो तहसीलदार और एसडीएम कार्यालय तत्काल शिफ्ट हो गए, लेकिन वैकल्पिक तौर पर जिला पंजीयक कार्यालय में संचालित उप पंजीयक कार्यालय आज तक तहसील परिसर में स्थानांतरित नहीं हो सका है। बताया जाता है कि नए तहसील भवन में उप पंजीयक कार्यालय के लिए भी कक्ष खाली है। इधर उप पंजीयक कार्यालय के तहसील परिसर में स्थानांतरण की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ के साथ स्थानीय लोगों ने भी हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा था। इस दौरान आश्वासन भी मिला, लेकिन उप पंजीयक कार्यालय का स्थानांतरण आज तक नहीं हो सका है।

बनाई गई व्यवस्था

जिला पंजीयक कार्यालय के साथ उप पंजीयक कार्यालय संचालन को लेकर व्यवस्था बनाई जा चुकी है। जिसके चलते कार्यालय का संचालन इसी जगह पर किया जा रहा है।

-चित्रसेन पटेल
रजिस्टार
जिला पंजीयक कार्यालय

जगह देने तैयार

एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का संचालन नए भवन में किया जा रहा है। यहां की व्यवस्था पर्याप्त है। उप पंजीयक कार्यालय के संचालन को लेकर जगह देने के लिए तैयार है।

-सुब्रत प्रधान,
एसडीएम
जांजगीर

म्यूल एकाउंट से 18 लाख की ठगी महिला समेत दो गिरफ्तार

कमीशन से घर बैठे कमाई के फेर में पहुंचे जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

म्यूल अकाउंट के मामले में चांपा पुलिस ने एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा कमीशन के लालच में सायबर ठगों को बैंक खाते दिए गए थे। इन खातों में 18 लाख रुपए से अधिक की आनलाइन ठगी की राशि जमा हुई थी। घर बैठे कमीशन से कमाई के चक्कर में दोनों आरोपी जेल पहुंच गए है।

पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देश पर जिले की पुलिस इन दिनों म्यूल एकाउंटट की जांच और कार्रवाई में जुटी है। चांपा पुलिस ने म्यूल खातों के जरिए साइबर ठगी करने वाले आरोपीयो को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिला के बरपालीकला निवासी पिंकी डडसेना उम्र 37 साल और हसौद निवासी सूरज जांगड़े उम्र 24 साल ने कमीशन के लालच में अपने नाम से बैंक खाते खुलवाकर साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराए। इन बैंक खातों का उपयोग सायबर ठगों द्वारा विभिन्न राज्यों में ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के लिए किया गया। समन्वय पोर्टल से प्राप्त इनपुट के आधार पर पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों एवं बैंकिंग ट्रांजेक्शन की गहन जांच की। जांच में यह खुलासा हुआ कि पिंकी डनसेना और सूरज जांगडे के खाते में धोखाधड़ी के 18 लाख 17 हजार 216 रुपये ट्रांसफर हुए थे।.पुलिस ने पिंकी डडसेना उम्र 37 साल निवासी बरपालीकला थाना नगरदा व सूरज जांगड़े उम्र 24 साल निवासी हसौद थाना सक्ती को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। म्यूल अकाउंट वह बैंक खाता होता है जिसे कोई व्यक्ति कमीशन या लालच में साइबर अपराधियों को उपयोग के लिए उपलब्ध करा देता है। ऐसे खातों के जरिए ठगी की रकम इधर- उधर ट्रांसफर की जाती है, जिससे अपराधियों तक पहुंचना कठिन हो जाता है। कानून की नजर में ऐसा खाता उपलब्ध कराने वाला व्यक्ति भी अपराध में सहभागी माना जाता है। पिंकी डनसेना और सूरज जांगड़े ने भी कमीशन के लालच में अपने बैंक खाते सायबर ठगों को उपलब्ध कराए थे। बैंक खाते देकर सायबर ठगी में सहभागी बनने के अपराध में दोनों की गिरफ्तारी की गई है। कार्यवाही में चांपा थाना प्रभारी अशोक वैष्णव, उप निरीक्षक सत्यम चौहान, प्रधान उप निरीक्षक रुकसाना बानो, आरक्षक ईश्वरी राठौर का योगदान रहा।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

स्वच्छता मानकों की कमी पाए जाने पर ढाबा का लायसेंस निलंबित

कार्रवाई करने पहुंचे अफसर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

हरेठी स्थित पापा ढाबा में स्वच्छता मानकों की कमी पाए जाने पर लायसेंस निलंबित कर दिया गया है। जांच के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कार्यवाही की है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा हरेठी स्थित मेसर्स पापा ढाबा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में अस्वस्थकर एवं अस्वच्छ परिस्थितियां पाई गईं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार कुछ दिन पहले ढाबा का एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में ढाबा के कर्मचारी द्वारा टॉयलेट में बर्तन धोते हुए पाया गया, जिसके संबंध में फर्म संचालक से जवाब मांगा गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा जांच के दौरान फर्म से गुंथा हुआ आटा का नमूना भी लिया गया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत फर्म को कारण बताओ नोटिस भी जारी कर दिया गया है और जनहित व जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पापा ढाबा का लाइसेंस आगामी आदेश तक निलंबित कर दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि ढाबा संचालक द्वारा नोटिस का संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत फर्म के लाइसेंस को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

अकलतरा-कोटमी सोनार मार्ग बदहाल, 10 किमी का सफर करने में लग रहा एक घंटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा से कोटमी सोनार तक का मुख्य मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को तहसील मुख्यालय आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की बदहाली के कारण 10 किमी का सफर तय करने में ही एक घंटे का समय लग रहा है।

कोटमीसोनार में प्रसिद्ध क्रोकोडाइल पार्क है। अकलतरा से कोटमीसोनार पहुंचने के मुख्य मार्ग की बदहाल स्थिति देखकर कोई यह नहीं कह सकता कि यह किसी महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल तक जाने वाली सड़क है। जर्जर सड़क के कारण स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ बाहर से आने वाले पर्यटकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग से कोटमी सोनार, पीपरसत्ती, मधुवा, अकलतरी, फरहदा, सोनादुला, सांकर सहित आसपास के कई गांवों के लोग प्रतिदिन अकलतरा आवागमन करते हैं। बावजूद इसके वर्षों से सड़क की मरम्मत नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कोटमी सोनार के बजरंग चौक से लेकर कल्याणपुर मेन रोड तक सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। बारिश के दौरान इन गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। कोटमी सोनार से अकलतरा की दूरी मात्र 10 किलोमीटर है, लेकिन सड़क की बदहाल स्थिति के कारण यह दूरी तय करने में करीब एक घंटे का समय लग रहा है। ग्रामीणों द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र सड़क की मरम्मत एवं डामरीकरण कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन में राहत मिल सके और क्रोकोडाइल पार्क आने वाले पर्यटकों को भी बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध हो सके।

बदहाल सड़क के गड्ढों में भरा बारिश का पानी।

नवोदय चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 तक

जांजगीर-चांपा। जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित जवाहर नवोदय चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया हैं। प्राचार्य, पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा ने बताया कि चयन परीक्षा 28 नवम्बर को प्रातः 11.30 बजे आयोजित की जाएगी। जिले के किसी सरकारी या मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा 5वीं में 31 जुलाई से पहले तक प्रवेश ले सकते है।

जेएसडब्लयू प्लांट से 2 लाख की कॉपर प्लेट चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

जेएसडब्ल्यू प्लांट से 2 लाख के कॉपर प्लेट चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा क्षेत्र के जेएसडब्ल्यू तरौद, अकलतरा में कार्यरत सुरक्षा अधिकारी अखिलेश राय ने थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराया था, कि पेट्रोलिंग के दौरान प्लांट परिसर में कुछ लोग संदिग्ध परिस्थितियों में सामान निकालते दिखाई दिए। सुरक्षा टीम के पहुंचते ही तीन-चार व्यक्ति भागने लगे, जिनमें से एक को मौके पर पकड़ लिया गया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम जलेश्वर प्रसाद केवट उम्र 30 वर्ष निवासी बनाहिल, थाना अकलतरा जेएसडब्ल्यू में इलेक्ट्रिशियन के रूप में कार्यरत है। आरोपी के पास मौजूद चार काले रंग के बैगों की तलाशी लेने पर उनमें 38 नग छोटे-बड़े कॉपर प्लेट के टुकड़े बरामद हुए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख बताई जा रही है। मामले की सूचना पर थाना अकलतरा पुलिस मौके पर पहुंच कर आरोपी को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है तथा मामले की विवेचना की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा एवं प्रधान आरक्षक रेमन सिंह राजपूत का योगदान रहा।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

मोटरयान अधिनियम के तहत यातायात पुलिस ने चलाया अभियान

एक ही दिन में 115 वाहन चालकों पर कार्रवाई, वसूले 42 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यातायात पुलिस ने मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए एक ही दिन में 115 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 42 हजार रुपए वसूल किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 20 जुलाई को यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर एक ही दिन में 115 वाहन चालकों पर कार्रवाई की है। चालकों से 42 हजार 3 सौ रुपए की वसूली की है। जिसके तहत 5 शराबी वाहन चालकों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। नाबालिग चालकों पर भी सख्ती, चेकिंग दौरान 2 नाबालिक को पकड़ा मोके पर परिजनों को बुलाकर समझाइश 20-20 रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया है। हाइवे पर नो -पार्किंग में खड़े भारी वाहनों पर कार्रवाई, प्रत्येक पर 300-300 का समन शुल्क वसूल किया गया। मोडिफाई सैलेंसरो पर विशेष नजर रखी जा रही है। चेकिंग के दौरान 2 बुलेट वाहनों के मोडिफाई सैलेंसर निकाला गया। सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित एवं अनुशासित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में में यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में 19 जुलाई को जिले के विभिन्न प्रमुख चौक -चौराहों एवं मार्गों पर यातायात पुलिस की विशेष चेकिंग

टीमों ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान कुल 115 वाहन चालकों को विभिन्न यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की गई। अभियान की प्रमुख कार्रवाई 5 शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के वाहन जब्त किए गए।

हाइवे पर नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े 5 भारी वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए प्रत्येक पर 25 सौ का समन शुल्क लगाया गया। 2 नाबालिग वाहन चालकों को वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। उनके परिजनों को थाना बुलाकर यातायात नियमों की जानकारी एवं समझाइश दी गई तथा प्रत्येक मामले में 2 हजार का समन शुल्क वसूला गया। अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी मोटरयान अधिनियम के तहत प्रभावी कार्रवाई की गई।

आबकारी विभाग ने जब्त किए साढ़े 14 लीटर शराब

सक्ती। आबकारी वृत्त सक्ती ने कार्रवाई करते हुए दो प्रकरणों में साढ़े 14 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर के निर्देश और जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में 20 जुलाई को आबकारी वृत्त सक्ती के ग्राम गुंजी थाना नगरदा में रुपेश बंसोड़ पिता संपतलाल उम्र 21 वर्ष के रहवासी मकान की जांच कार्यवाही करने पर उसके मकान के रसोई घर में एक सफेद प्लास्टिक थैला में रखा 30 नग प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में 250 मिली कुल 7.5 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। इसी प्रकार वार्ड नंबर 10 लवसरा में राजू कुर्रे पिता तेरसराम कुर्रे द्वारा अपने रिहायशी घर से महुआ शराब बेचने की सूचना पर तत्काल छापामार कार्यवाही में उसके घर से एक प्लास्टिक पन्नी में भरा 5 लीटर और एक हरी प्लास्टिक बोतल में भरा 2 लीटर कुल 7 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया।

खबर संक्षेप

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने नवपदस्थ बीईओ का किया अभिनंदन

चांपा। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा बम्हनीडीह विकास खंड के नवपदस्थ विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी का उनके निज निवास चांपा में उपस्थित होकर अभिनंदन एवं सम्मान किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र द्विवेदी ने नव नियुक्त विकास खंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह बसंत चतुर्वेदी को शिक्षा-नीतियों के कुशल चाणक्य, दूरदर्शी रणनीतिकार तथा शिक्षक हितों के प्रति सदैव समर्पित नेतृत्वकर्ता बताते हुए कहा कि उनकी प्रशासनिक दक्षता, संगठनात्मक क्षमता एवं सकारात्मक कार्यशैली से विकास खंड बम्हनीडीह में शिक्षा के क्षेत्र को नई गति और नई दिशा प्राप्त होगी। अभिनंदन अवसर पर प्रांतीय मंत्री डॉ. भुवनेश्वर देवांगन, संगठन मंत्री राजेन्द्र जायसवाल, प्रधान सचिव लक्ष्मीनारायण तिवारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप श्रीवास, जय तिवारी तथा विजय राठौर सहित शिक्षक संघ के पदाधिकारीगण एवं सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में नव नियुक्त विकास खंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह बसंत चतुर्वेदी ने कहा कि संगठन द्वारा प्रदत्त यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा और उत्तरदायित्व, दोनों का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विकास खंड बम्हनीडीह में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, विद्यालयों की सतत प्रगति तथा शिक्षक हितों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने शिक्षा के समग्र विकास हेतु सभी शिक्षकों के सहयोग एवं सहभागिता का भी आह्वान किया।

नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर सोनी का स्वागत, संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

सक्ती। नरेंद्र मोदी विचार मंच के अमरनाथ सोनी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। श्री सोनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर मंच के प्रदेश सचिव रामनरेश यादव रविवार को चांपा स्थित उनके निवास पहुंचे और गुलदस्ता भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर रामनरेश यादव ने कहा कि अमरनाथ सोनी के नेतृत्व में संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। मुलाकात के दौरान संगठन के विस्तार और आगामी कार्ययोजनाओं पर भी चर्चा हुई। प्रदेश सचिव ने विश्वास जताया कि मंच के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों को देश के कोने-कोने तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का कार्य और तेजी से होगा। इस दौरान अमरनाथ सोनी ने कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और मंच के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

16 जिलों के 250 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में दुर्ग को हराकर जांजगीर-चांपा बना सिरमौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रायपुर में आयोजित प्रथम छत्तीसगढ़ सीनियर राज्य स्तरीय मिक्स नेटबॉल प्रतियोगिता में जांजगीर-चांपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में दुर्ग को 25-21 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रदेश के 16 जिलों की टीमों के बीच खेले गए इस रोमांचक टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया, वहीं प्रतियोगिता के आधार पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टीम के चयन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

छत्तीसगढ़ की राजधानी के सप्रे मैदान एवं डिग्री गर्ल्स कॉलेज मैदान में आयोजित 'प्रथम छत्तीसगढ़ सीनियर राज्य स्तरीय मिक्स नेटबॉल प्रतियोगिता' का रंगारंग समापन हुआ। इस रोमांचक टूर्नामेंट में जांजगीर-चांपा की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में दुर्ग की मजबूत टीम को 25-21 के स्कोर से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, राजनांदगांव और गरियाबंद की टीमें संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। समापन समारोह छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी अकरम खान के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि में सैयद राजा, उमेश ठाकुर, श्रेयांश जैन, अनील सिंह,एस मोहन राव और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुमित मजूमदार उपस्थित थे। कार्यक्रम में नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह, रायपुर जिला संघ के सचिव अनूप यदु एवं एनएफआई ऑब्जर्वर पवन पटले की विशेष उपस्थिति रही। इस प्रतियोगिता में केवल बड़े जिलों ने ही नहीं, बल्कि कांकेर और सरगुजा जैसे दूर-दराज के जिलों के खिलाड़ियों ने भी अपने खेल कौशल से सभी को प्रभावित किया और अपना दम दिखाया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रदेश के विभिन्न जिला संघों के पदाधिकारियों ने सक्रिय योगदान दिया, जिनमें दुर्ग जिला सचिव मोहनराव, धमतरी जिला सचिव गोपाल साहू, सरगुजा जिला सचिव रजत सिंह, सूरजपुर जिला सचिव राहुल सिंह, जशपुर जिला सचिव खुशबू गुप्ता, कोरबा जिला अध्यक्ष खुशबू राठौर, बलौदा बाजार-भाटापारा से संदीप वर्मा, राजनांदगांव से ऋषि मेश्राम, गरियाबंद से अनिल सिंह, शक्ति से चंद्र प्रकाश तिवारी, रायगढ़ से अभिषेक गुप्ता, कांकेर से सुनील सिंह और मुंगेली से स्वप्निल चुनेकर प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अलावा राष्ट्रीय खिलाड़ी इमरान खान, प्रशांत जेकब और अन्य जिलों के अध्यक्ष व सचिवों ने प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ एवं नेटबॉल एसोसिएशन ऑफ रायपुर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से 16 जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया। राउंड-रॉबिन लीग फॉर्मेट में कुल 24 लीग मैच, 4 क्वार्टर फाइनल, 2 सेमीफाइनल और 1 फाइनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता में लगभग 250 खिलाड़ी, कोच, मैनेजर और ऑफिशियल शामिल हुए।

अतिथि के हाथों पुरस्कार प्राप्त करते विजेता खिलाड़ी।

राष्ट्रीय टीम के चयन की प्रक्रिया शुरू-

नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने सभी विजेता टीमों को बधाई दी और आगामी 'तीसरी राष्ट्रीय सीनियर मिक्स नेटबॉल प्रतियोगिता' के लिए छत्तीसगढ़ की एक मजबूत टीम तैयार करने पर जोर दिया। एसोसिएशन के महासचिव राजेश राठौर ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर 8 पुरुष और 8 महिला खिलाड़ियों का चयन कैंप के लिए किया जाएगा। कैंप के पश्चात अंतिम 12 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए होगा। समापन समारोह में रायपुर जिला सचिव अनूप यदु ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

बारिश एवं आपदा की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को मुख्यालय में रहने दी हिदायत

कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले में लगातार हो रही वर्षा एवं संभावित आपदा की स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी विभागों को पूरी सतर्कता, त्वरित कार्रवाई एवं बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सभी अधिकारी मुख्यालय में उपस्थित रहें, पूरी तरह सक्रिय एवं प्रो-एक्टिव होकर कार्य करें तथा किसी भी शिकायत अथवा आपदा संबंधी सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। सभी अनुविभागीय स्तर की टीमों को भी पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए।

टीएल बैठक में कलेक्टर ने बारिश से हुए नुकसान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों का स्वयं फील्ड विजिट कर वास्तविक स्थिति का आकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने आरबी 6-4 के अंतर्गत प्रकरणों, फसल हानि, मकान क्षति एवं पशुहानि की अद्यतन जानकारी प्राप्त की तथा पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार त्वरित राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों, पुल एवं पुलियों की जानकारी लेकर संबंधित विभागों को शीघ्र मरम्मत के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा जहां भी राहत शिविर संचालित किए जा रहे हैं, वहां राशन, पेयजल, भोजन, स्वच्छता, चिकित्सा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी तरह सुनिश्चित की जाएं ताकि प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्थानीय निकायों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में वर्षा का पानी भर गया है, वहां किसी भी स्थिति में संचालन न किया जाए। ऐसे स्थानों से पानी तत्काल निकाला जाए तथा संबंधित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि अध्ययन प्रभावित होने की स्थिति में अतिरिक्त कक्षाएं संचालित कर बच्चों का पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण कराया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसी भी जर्जर भवन में स्कूल अथवा आंगनबाड़ी का संचालन नहीं किया जाएगा। साथ ही स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवनों में सीपेज अथवा निर्माण संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को शहरों में जलभराव की समस्या से बचाव के लिए ड्रेनेज व्यवस्था को मजबूत करने तथा नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को विद्युत आपूर्ति बाधित होने अथवा अन्य शिकायतों पर त्वरित रिस्पांस देने तथा समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को भी मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार के लिए पूरी तैयारी रखने, आवश्यक दवाइयों एवं स्वास्थ्य टीमों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने तथा प्रतिदिन अनिवार्य रूप से ई-अटेंडेंस दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुंचाने के लिए श्रमिकों का ई-केवाईसी अभियान चलाकर अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार पोयाम, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर.के. तम्बोली, अपर कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

झोलाछाप डॉक्टर इलाज के नाम पर कर रहा मरीजों की जान से खिलवाड़

बिर्रा। विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के भांठापारा हसौद रोड में झोलाछाप डॉक्टर इलाज के नाम पर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहा है। सर्दी खांसी और बुखार आने पर मरीज को बिना पर्ची के बेधड़क दवाई दिया जा रहा है। झोलाछाप डॉक्टर द्वारा कई प्रकार के गंभीर से गंभीर बीमारियों का लगातार इलाज के नाम पर मरीजों मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। उक्त झोलाछाप डॉक्टर के यहां 1 साल पहले स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अचानक निरीक्षण में पहुंचकर सील बंद कर दिया था क्योंकि तब झोलाछाप डॉक्टर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका था। अब झोलाछाप डॉक्टर द्वारा फिर से गंभीर बीमारियों का भी उपचार शुरू कर दिया गया है। मरीज को भर्ती करके बोतल चढ़ाकर, इंजेक्शन लगाकर लगातार दिन और रात इलाज के नाम पर मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। मरीज की स्थिति बिगडने पर बिलासपुर रेफर कर दिया जाता है। ग्रामीणों ने उक्त झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ जांच करा कर पंजीयन निरस्त करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

क्या कहते हैं अधिकारी

अवैध क्लीनिक संचालन की सूचना मिलने पर संबंधित के विरुद्ध सील बंदी की कार्यवाही की गयी थी। वर्तमान में वहां चिकित्सक कार्यरत है या नहीं ये जांच का विषय है ।

-आजम्बर सिंह सिसोदिया,
विकासखंड चिकित्सा अधिकारी बम्हनीडीह

छात्र नेतृत्व सेवा, अनुशासन, जिम्मेदारी और आदर्श व्यवहार का प्रतीक : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र परिषद के कैप्टन एवं वाइस कैप्टन के चुनाव एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अंग्रेजी माध्यम एवं हिंदी माध्यम के नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

- ज्ञानोदय विद्यालय में छात्र परिषद के कैप्टन एवं वाइस कैप्टन के चुनाव एवं शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

विद्यालय के संचालक डॉ. सुरेश यादव ने नव-निर्वाचित कैप्टन एवं वाइस कैप्टन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही उन्होंने अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम के नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के समस्त विद्यार्थियों को अनुशासन, ईमानदारी, राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा, स्वच्छता तथा विद्यालय की गरिमा बनाए रखने की सामूहिक शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ शपथ ग्रहण कर विद्यालय के आदर्शों का पालन करने का संकल्प लिया। अपने उद्बोधन में संचालक डॉ. सुरेश यादव ने कहा कि छात्र नेतृत्व सेवा, अनुशासन, जिम्मेदारी और आदर्श व्यवहार का प्रतीक है। उन्होंने नव-निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों से विद्यालय में अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व क्षमता तथा सकारात्मक वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा नव-निर्वाचित कैप्टन एवं वाइस कैप्टन को उनके सफल नेतृत्व की कामना की। विद्यार्थियों में भी कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिली। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण, नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं विद्यालय की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

कार्यक्रम में शपथ लेते छात्र-छात्राएं।

शासकीय भूमि पर सार्वजनिक सिंटेक्स लगाने में बाधा, ग्रामीणों ने की अतिक्रमण हटाने की मांग

जांजगीर-चांपा। नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत आदर्श ग्राम गोधना के महावीर मोहल्ला में शासकीय भूमि पर सार्वजनिक सिंटेक्स स्थापित करने को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि शासकीय भूमि पर अवैध रूप से पत्थर डालकर कब्जा कर लिया गया है, जिसके कारण ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित सार्वजनिक सिंटेक्स स्थापित नहीं हो पा रहा है। इससे मोहल्ले के लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार महावीर मोहल्ला में स्थित हैंडपंप अक्सर खराब रहता है, जिससे लोगों को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ती है। इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए ग्राम पंचायत द्वारा शासकीय भूमि पर सार्वजनिक सिंटेक्स लगाने की पहल की गई थी, लेकिन आरोप है कि उक्त भूमि पर अवैध कब्जा होने के कारण कार्य शुरू नहीं हो सका। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि पर पत्थर डालकर कब्जा कर लिया है। पत्थर रखे होने से लोगों को पास स्थित हैंडपंप से पानी भरने में भी दिक्कत हो रही है तथा पत्थर गिरने की आशंका के चलते हादसे का भय भी बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित भूमि शासकीय है और वहां सार्वजनिक उपयोग के लिए सिंटेक्स स्थापित किया जाना चाहिए, ताकि बार-बार हैंडपंप खराब होने की स्थिति में लोगों को पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने प्रशासन से शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर सार्वजनिक सिंटेक्स स्थापित कराने तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

सुजलाम सुफलाम मलयज शीतलाम नाटक ने दिया मातृभक्ति और प्रकृति संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150वें वर्ष एवं महाकवि कालिदास जयंती के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) जांजगीर में राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया गया। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम ने राष्ट्रभक्ति, मातृभूमि वंदना और प्रकृति संरक्षण का प्रेरक संदेश दिया।

- राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का डाइट जांजगीर में हुआ आयोजन, वंदे मातरम के 150वें वर्ष पर हुआ विशेष मंचन

कार्यक्रम में पूरे सभागार में उपस्थित लोगों ने 3 मिनट 10 सेकंड का पूर्ण 'वंदे मातरम' तथा 52 सेकंड का राष्ट्रगान सामूहिक रूप से गाकर देशभक्ति का अद्भुत वातावरण निर्मित किया। इस अवसर पर प्रस्तुत नाटक सुजलाम सुफलाम मलयज शीतलाम आकर्षण का केंद्र रहा। नाटक की स्क्रिप्ट लेखन एवं निर्देशन कुमारी प्रांजलि साहू ने किया। नाटक में वर्तमान समय में प्रकृति के बढ़ते विनाश और उसके संरक्षण के प्रयासों को महाकवि कालिदास के मेघदूत में वर्णित समृद्ध, हरित एवं संपन्न भारत की कल्पना से जोड़ते हुए प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया। कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति, आकर्षक मंच सज्जा, वेशभूषा और प्रभावी अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस महोत्सव में देश के 28 राज्यों, 8 केंद्र शासित प्रदेशों, 39 भाषाओं और 150 स्थानों पर लगभग 4,000 कलाकारों ने एक साथ शाम 6 बजे नाट्य प्रस्तुति दी। सीसीआरटी द्वारा देशभर में स्थापित 200 कल्चरल क्लबों में से केवल 40 क्लबों को आयोजन की जिम्मेदारी मिली, जिनमें छत्तीसगढ़ से डाइट जांजगीर और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालोद का चयन किया गया। मुख्य अतिथि आई.पी. यादव ने आयोजन को अंचल के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण बताया। संतोष कश्यप ने कहा कि वंदे मातरम को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत करने की यह अनूठी पहल देशभक्ति की भावना को नई ऊर्जा देती है। कार्यक्रम को आर.जी. राठौर ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन संस्थान के सहायक प्राध्यापक गोपेश कुमार साहू ने किय। इस अवसर पर आयोजन प्रभारी श्रीमती प्रतिमा साहू, संस्थान के व्याख्याता संजय शर्मा, उमाशंकर राठौर, श्रीमती मिली सिंह, दिनेश पांडे, श्रीमती लता पकवासा, श्रीमती आशा साहू, पंकज राठौर उपस्थित रहे।

न्यायालयः प्रथम सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारीः प्रवीण मिश्रा)
प्रोसेस क्रमांक-198/2026
सक्सेशन प्र. क्र. 16/2026
पेशी तिथि- 08/08/2026

ईश्तहार

नमिता रात्रे वगैरह...आवेदकगण बनाम शाखा प्रबंधक वगैरह...अनावेदकगण

नमिता रात्रे उम्र- 23 वर्ष, पिता स्व. हरदयाल रात्रे, निवासी- ग्राम कुटराबोड पो.- भदरा थाना व तहसील-पामगढ़, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) वगैरह द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 प्रस्तुत का निवेदन किया है। जो कि आवेदक क्र. 01 से 05 तक मृतक के पुत्री है, तथा आवेदिका क्र. 06 मृतक की पत्नी है, मृतक स्व. हरदयाल रात्रे पिता बंधन राम रात्रे नगर पंचायत बलौदा के कार्यालय में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर शासकीय सेवा में नियुक्त था, जिनकी मृत्यु दिनांक 24-01-2026 को सेवा के दौरान में हुई है। अनावेदक क्र.- 01 के कार्यालय में आवेदिका क्र. 06 मृतक स्व. हरदयाल रात्रे के विभागीय जमा सभी परिलब्धी राशि को प्राप्त करने के लिए गयी तब बैंक द्वारा दिनांक 09.04.2026 को मौखिक रूप से बोला गया कि मृतक स्व. हरदयाल रात्रे (मु.न.पा.अ.) के विभागीय जमा परिलब्धी राशि को प्राप्त किये जाने हेतु व्यवहार न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र लाना पड़ेगा, आवेदकगण के द्वारा मृतक स्व. हरदयाल रात्रे के विभागीय जमा सभी परिलब्धी राशि को प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

अतः अनावेदक आम जनता (जिनका हित हो) को इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी व्यक्ति को कोई अपत्ति हो तो वहा पेशी तिथि- 08-08-2026 समय 10.30 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता जिसे प्रकरण की पूर्ण जानकारी हो, अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें, उक्त दिनांक को उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण की सुनवाई की जावेगी जिसकी जावबदारी आप पर होगी। यदि किसी कारणवश दिनांक 08-08-2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी। आज दिनांक 04-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।
दिनांक -04/07/2026 स्थान -जांजगीर

(प्रवीण मिश्रा)
प्रथम सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी,
जांजगीर जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

SN.	Cours	Duration	Qualification
1.	BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन)	3 Year	12th Bio
2	DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन)	2 Year	12th Bio
3.	B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस)	4 Year	12th Bio
4.	OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट)	2 Year	12th Bio
5.	B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी)	4 & 2 Year	12th Bio & Maths

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एटाबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

रामायण के इवेंट से ट्रेलर लीक
रावण बने यश की मिली पहली झलक

नई दिल्ली। दिल्ली में आयोजित इस इवेंट में पहली बार फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर दिखाया गया। ट्रेलर दिखाने से पहले मेकर्स और ऑर्गेनाइजर ने कई बार इस बात की अपील की थी कि कोई भी इसका वीडियो या फोटो ना ले, क्योंकि आने वाले दिनों में इसे आधिकारिक तौर पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर कोई भी ट्रेलर रिकॉर्ड करता पाया जाता है, तो उसी वक्त उससे फोन ले लिया जाएगा। इसके अलावा एंट्री के वक्त भी एक ऑनलाइन डॉक्यूमेंट पर साइन करवाया गया था कि दर्शकों द्वारा ट्रेलर की रिकॉर्डिंग नहीं की जाएगी। इन सब के बावजूद वहां मौजूद कुछ लोगों ने ट्रेलर को रिकॉर्ड करके ऑनलाइन लीक कर दिया। जिसमें रावण बने यश की पहली झलक मिली।

लाइफ Style

रकुल
रामायण का हिस्सा बनकर खुशी से झूमीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रणबीर कपूर और साई पल्लवी अभिनीत फिल्म 'रामायण' का हिस्सा बनकर रकुल प्रीत सिंह बेहद खुश हैं। फिल्म का भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर रकुल प्रीत सिंह भी शामिल हुईं। फिल्म में काम करने को लेकर अभिनेत्री बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर खुशी जताई है।

रकुल प्रीत सिंह ने इस प्रोजेक्ट को सिनेमा से भी आगे की एक यात्रा बताया है। आज रविवार को रकुल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'रामायण' के भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट की झलकियां शेयर कीं। साथ ही इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के बारे में बात की। इवेंट में रकुल प्रीत येलो कलर की ड्रेस में नजर आईं। उन्होंने लिखा है, 'एक ऐसी चीज का हिस्सा बनना सम्मान की बात है, जो जिंदगी और सिनेमा से भी कहीं बड़ी है। हमारा इतिहास, हमारी विरासत, हमारी रामायण। हम दुनिया के सामने भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह एहसास सचमुच शब्दों से परे है। आप सभी के हमारे साथ इस दुनिया में कदम रखने का बेसब्री से इंतजार है'। बता दें कि रकुल प्रीत सिंह को नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में शूर्पणखा की भूमिका में देखा जाएगा। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में होंगे। वहीं, साई पल्लवी माता सीता का रोल कर रही हैं। एक्टर यश रावण की अहम भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म दो हिस्सों में रिलीज होगी। पहला हिस्सा इस साल दिवाली पर आएगा। वहीं, दूसरा पार्ट अगले साल यानी 2027 में दिवाली के अवसर पर रिलीज होगा।

हॉलीवुड मसाला

त्साही ने बॉलीवुड गाने पर किया डांस

लॉस एंजिल्स। फौदा के इस मशहूर स्टार त्साही ने इजराइल के पॉपुलर डांस शो 'डांसिंग विद द स्टार्स' में बॉलीवुड गाने 'मुंडियां तो बचके रहीं' पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी, जो अब चर्चाओं में आ गई है। त्साही ने बताया कि ये परफॉर्मेंस उन्होंने भारत, उसकी संस्कृति और बॉलीवुड को ट्रिब्यूट देने के लिए किया। उन्होंने कहा कि भारत में काम करने और लोगों से मिलने का उनका अनुभव बेहद खास रहा। इस खास मौके पर इस्राइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह भी शो में मौजूद रहे।

बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का मिला था अवार्ड ...

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्रेंडा फ्रिकर का 81 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने होम अलोन 2, माई लेफ्ट फुट जैसी फिल्में की। कैजुअल्टी जैसी ड्रामा सीरीज की। उन्हें माई लेफ्ट फुट के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवार्ड मिला था। ब्रेंडा फ्रिकर का जन्म डबलिन में हुआ था। उन्होंने थिएटर से अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद टीवी की दुनिया में कदम रखा। आगे चलकर वह फिल्मों में अभिनय करने लगीं। साल 1977 में ब्रेंडा फिल्म 'कोरोनेशन स्ट्रीट' में नजर आईं। साल 1978 में प्ले फॉर टुडे और लिकिंग हिटलर में भी उन्होंने काम किया। ब्रेंडा फ्रिकर ने बीबीसी के लिए एक मेडिकल ड्रामा 'कैजुअल्टी' भी किया था, इसमें उन्होंने नर्स मेगन का रोल किया था। वह इस शो से कई वर्षों तक जुड़ी रहीं।



नकाब की ओपनिंग नाइट बनी यादगार...

नई दिल्ली। नवाजुद्दीन सिद्दीकी 25 साल बाद थिएटर में नकाब पर परफॉर्म किया। इस बीच उन्हें अपने पहले ही शो को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और पूरा शो हाउसफुल रहा। शिकागो में शो इस खास मौके को नवाजुद्दीन ने अपनी बेटी शोरा सिद्दीकी के साथ साझा किया। उनके लिए ये पल बेहद भावुक रहा, क्योंकि उन्होंने उसी मंच पर वापसी की, जहां से एक कलाकार के तौर पर उनका सफर शुरू हुआ था। नकाब के जरिए शोरा सिद्दीकी ने भी थिएटर में अपना डेब्यू किया और अपने पिता के साथ मंच पर नजर आईं। इससे पहले ही नवाजुद्दीन की वापसी को लेकर काफी एक्साइटमेंट थी, लेकिन शोरा ने भी अपने कॉन्फिडेंस और शानदार स्टेज प्रेजेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया और शाम की सबसे खास झलकियों में से एक बन गईं।



नाचे नागिन गली गली पर किया डांस...

मुंबई। फिल्म 'नाचे नागिन गली गली' में मीनाक्षी शेषाद्रि को नागिन के रूप में देखा गया था। वहीं, अभिनेता नितीश भारद्वाज उनके अपोजिट दिखे। दिग्गज अभिनेत्री ने फिल्म के टाइटल सॉन्ग को रिक्रिएट किया है। उन्होंने तमाम दर्शकों और प्रशंसकों की गुजारिश पर फिर से इस गाने पर डांस किया है और सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है। अभिनेत्री मीनाक्षी ने फिल्म 'नाचे नागिन गली गली' की यादें फिर से ताजा की हैं। इसी के साथ उन्होंने रीना रॉय और श्रीदेवी को भी याद किया है। अपना डांस वीडियो शेयर करते हुए मीनाक्षी शेषाद्रि ने लिखा है, '70 के दशक के बीच में आई फिल्म 'नागिन' ने बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त धूम मचाई थी। इसमें रीना रॉय मुख्य भूमिका में थीं। 80 के दशक के बीच में श्रीदेवी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'नगीना' के साथ इतिहास ने खुद को दोहराया।

टीवी मसाला

शो छोड़ने की खबरों पर दिलीप ने बताया अनबन का सच

नई दिल्ली। टीवी का सबसे पॉपुलर और दर्शकों का पसंदीदा कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले कई सालों से लोगों को एंटरटेन कर रहा है। इस शो का हर एक किरदार दर्शकों के दिल के बेहद करीब है, लेकिन अगर जेठालाल की बात करें तो उनके बिना इस शो की कल्पना करना भी मुश्किल है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और खबरों के बाजार में एक अफवाह तेजी से उड़ रही है कि जेठालाल यानी सबके चहेते दिलीप जोशी इस शो को अलविदा कह रहे हैं। इस खबर ने फैंस को तगड़ा झटका दिया था और हर कोई काफी परेशान था। लेकिन, अब खुद दिलीप जोशी ने इस पूरे मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और सच सबके सामने रख दिया है। दिलीप जोशी ने इन सभी खबरों को पूरी तरह से अफवाह और बकवास करार दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वे कहीं नहीं जा रहे हैं और शो को छोड़ने का उनका कोई इरादा नहीं है। दिलीप जोशी ने बताया कि जब भी इस तरह की झूठी खबरें सामने आती हैं, तो उन्हें बहुत दुख होता है। वे पिछले कई सालों से इस शो का हिस्सा हैं और दर्शकों से उन्हें जो प्यार मिला है, उसकी कोई तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने फैंस से अपील की है कि वे इस तरह की किसी भी उड़ती हुई खबर पर भरोसा न करें, क्योंकि वे आगे भी जेठालाल बनकर दर्शकों को हंसाते रहेंगे। दरअसल, कुछ समय पहले मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि शो के मेकर्स और दिलीप जोशी के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई है।

लॉक अप 2 में होगी अपूर्वा की एंट्री?

नई दिल्ली। जब 'लॉक अपः सच या सजा' का खेल और भी ज्यादा अनप्रेडिक्टेबल होता जा रहा है, तब इंटरनेट पर एक नया ट्विस्ट सामने आया है और इसमें अपूर्वा मखीजा का नाम शामिल है। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सोशल मीडिया पर उनके शो में शामिल होने की संभावना को लेकर खूब चर्चा हो रही है। इंटरनेट पर चर्चा है कि अपूर्वा मखीजा 'लॉक अप 2' में शामिल हो रही हैं। कई फैन पेज और कंटेंट क्रिएटर्स इस संभावना को लेकर अपना उत्साह जाहिर कर रहे हैं और संकेत दे रहे हैं कि अपूर्वा मुखिजा जल्द ही 'लॉक अप' सीजन 2 के घर में एंट्री कर सकती हैं। अपनी बेबाक पर्सनैलिटी और जबरदस्त मौजूदगी के लिए मशहूर अपूर्वा को लेकर यह चर्चा तब और तेज हो गई जब फैंस ने 'द ट्रेटर्स' में उनके शानदार परफॉर्मेंस को याद किया और उन्हें फिर से किसी रियलिटी शो में देखने की इच्छा जताई। एक और यूजर ने कहा, 'रेबेल किड को श्रेया कालरा को ज्यादा स्क्रीन स्पेस देने के लिए लाया गया है'।



आर्टिकल 370 को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर आदित्य ने जताई खुशी

मुंबई। 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं के नाम से पर्दा हट गया है। बीते दिन पुरस्कारों का ऐलान हुआ। यामी गौतम अभिनीत फिल्म 'आर्टिकल 370' को बेस्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला है। इसके अलावा फिल्म ने दो और पुरस्कार जीते हैं। इसी फिल्म के लिए यामी गौतम के नाम का ऐलान सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के तौर पर किया गया है। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन के लिए शश्वत सचदेव ने पुरस्कार जीता है। इस पर आदित्य धर ने खुशी जताई है और यह वादा किया है कि वे इसी तरह की कहानियां लाते रहेंगे। आदित्य धर ने लिखा है, 'फिल्म 'आर्टिकल 370' के लिए तीन नेशनल अवॉर्ड जीतना एक ऐसा पल है, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। यह अनुभव मुझे विनम्र और भावुक बनाता है और मेरा दिल गहरे आभार से भर देता है। जब हमने यह फिल्म बनाने का फैसला किया, तो हमारा मकसद अवॉर्ड पाना नहीं था। हम ईमानदारी, हिम्मत और सच्चाई के साथ

एक कहानी कहने के पक्के इरादे से प्रेरित थे। यह देखना वाकई बहुत सुखद है कि देश भर के दर्शकों ने इस सफर को पसंद किया और अब इसे भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान से नवाजा गया है। इस शानदार सम्मान के लिए सम्मानित जूरी का और उन सभी लोगों का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने 'आर्टिकल 370' देखी, उसे सपोर्ट किया, उस पर चर्चा की और उसमें भरोसा जताया।

चर्चा में आया सलमान का नया लुक! कुछ लोगों ने धर्मेंद्र से की तुलना

मुंबई। सलमान खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर चर्चा में हैं। इससे पहले सलमान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर कई फैंस ने इसलिए चिंता जताई है कि सलमान खान की सेहत काफी घट गई है। सलमान खान दशकों से अपनी फिटनेस के लिए मशहूर हैं। ऐसे में उनकी सेहत का घटना उनके फैंस के लिए हैरानी की बात है।

आपको बता दें कि सलमान खान हाल ही में मुंबई में एक प्रोग्राम में शामिल हुए। यहां उन्होंने हल्के ऑलिव ग्रीन रंग की शर्ट पहनी। उन्होंने कैप से अपने लुक को पूरा किया। वीडियो में उनका चेहरा पहले की तुलना में काफी अलग नजर आ रहा है। वह काफी थके हुए नजर आए। इसलिए उनका यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सलमान खान के लुक को लेकर एक यूजर ने लिखा 'सलमान खान को क्या हुआ? पहले मुझे लगा कि वह सलमान खान नहीं है, फिर मैंने शेरा को देखा। वह धर्मेंद्र के जैसे उम्रदराज लग रहे हैं।' एक दूसरे यूजर ने लिखा 'दोस्तों सलमान खान को क्या हुआ है? उनका चेहरा देखिए, वह दादा की तरह लग रहे हैं। वह ठीक से चल भी नहीं पा रहे हैं।'

किरदार में ढलने के लिए ली सख्त ट्रेनिंग

कुछ दूसरे फैंस ने अंदाजा लगाया कि हो सकता है कि सलमान खान ने अपनी नई फिल्म के लिए अपना लुक बदला हो। कुछ यूजर्स ने अंदाजा लगाया कि सलमान खान की बढ़ती उम्र की वजह से ऐसा हुआ होगा। इस मामले पर अभिनेता या उनकी टीम की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सलमान खान के काम की बात करें तो उनके पास फिल्म 'मातृभूमि' है। इसके लिए उन्होंने काफी मेहनत की है। अपने किरदार में ढलने के लिए उन्होंने सख्त ट्रेनिंग ली है। वह एक नई फिल्म में नयनतारा के साथ नजर आने वाले हैं।

मैंने प्यार किया से मिली ब्लॉकबस्टर सफलता और पहचान

लता-रफी ने गाए जिनके गीत, ताउम्र झेलनी पड़ी बी-ग्रेड फिल्मों की मार

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में कई संगीतकार और गीतकार ऐसे रहे हैं, जिन्होंने ताउम्र मेहनत की, लेकिन शायद उन्हें सफलता तब हासिल हुई, जब जिंदगी के वह आखिरी पड़ाव पर थे। सिनेमा में एक ऐसे ही गीतकार रहे, जिन्होंने खूब मेहनत की, जिनके लिखे गीतों को लता मंगेशकर ने गाया। मोहम्मद रफी भी जिनके लिखे गीतों को गा चुके हैं। आज कहानी उसी फनकार की...

कौन थे असद भोपाली?

आज जिस फनकार का जिक्र हम कर रहे हैं उनका नाम था असद भोपाली। असद भोपाली ने अपने करियर में कम लेकिन बेहद कल्ट गाने लिखे, जिन्हें पसंद करने वालों की फेहरिस्त आज भी है। यहां तक कि उनके गाने आज भी सुपरहिट हैं। हालांकि उन्हें वो पहचान नहीं मिल पाई, जिसके वह हकदार थे। असद भोपाली का जन्म मध्यप्रदेश के भोपाल में 10 जुलाई 1921 को को हुआ था। उनका असली नाम असदुल्लाह खान था। हालांकि फिल्मों में आने के बाद उनका नाम बदल गया। उनके पिता अरबी और फारसी भाषाओं के शिक्षक थे, तो ऐसे में उन्हें इन भाषाओं का अच्छा ज्ञान था।

ऐसे हुई कॅरियर की शुरुआत

असद भोपाली कॉलेज के दिनों से ही शेर-ओ-शायरी करते थे। वो मुशायरों में जाते थे। वो दौर आजादी के बाद का था जब साल 1949 में मशहूर फिल्म निर्माता फाजली ब्रदर्स अपनी फिल्म 'दुनिया' के लिए नए गीतकार की तलाश में थे। दरअसल उनकी फिल्म मुख्य गीतकार आरजू लखनवी महज दो गाने लिखकर पाकिस्तान चले गए थे। ऐसे में फाजली ब्रदर्स को नए गीतकार की तलाश थी और फिर वह भोपाल एक मुशायरे में गए, जहां उनकी मुलाकात असद भोपाली से हुई। ये मुशायरा भोपाल के एक सिनेमा हॉल मालिक सुगम कपड़िया की सलाह पर फाजली ब्रदर्स ने भोपाल के 'भोपाल टॉकीज' में आयोजित करवाया। यहीं पर फाजली ब्रदर्स ने असद भोपाली को अपनी फिल्म में गीतकार के लिए साइन कर लिया।

सिनेमा को दिए कई हिट गाने

आखिरकार फिल्म दुनिया से असद भोपाली ने फिल्मी दुनिया में कदम रखा। इस फिल्म के लिए उन्होंने 'रोना है तो चुपके चुपके' और सुरैया की आवाज में 'अरमान लुटे, दिल टूट गया' जैसे गाने लिखे। हालांकि उनके करियर में बड़ा ब्रेक उन्हें मिला साल 1951 में आई फिल्म अफसाना से। इस फिल्म को बी.आर चोपड़ा ने बनाया था। इस फिल्म के लिए उन्होंने 6 गाने लिखे। फिल्म के एक गाने को लता मंगेशकर ने गाया और उसे असद भोपाली ने ही लिखा था। यह गाना हिट रहा और यहीं से असद भोपाली की किस्मत बदली। धीरे-धीरे ही सही लेकिन हां असद भोपाली का नाम सिनेमा में चल पड़ा।

करियर की सबसे बड़ी फिल्म साबित हुई

असद भोपाली ने अपनी जिंदगी के अंतिम पड़ाव में भी वो कमाल किया, जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। साल 1989 में आई राजश्री प्रोडक्शंस की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैंने प्यार किया' असद भोपाली के करियर की सबसे बड़ी फिल्म साबित हुई। इस फिल्म के लिए उन्होंने 'कबूतर जा जा जा' और 'दिल दीवाना' जैसे हिट गाने लिखे। ये गाने लिखकर ये साबित किया कि वे बदलते दौर के साथ भी खुद को ढाल सकते हैं।

100 से ज्यादा फिल्मों में 400 से ज्यादा गाने

असद भोपाली ने अपने 40 साल के करियर (1949-1990) में लगभग 100 से अधिक फिल्मों के लिए 400 से ज्यादा गाने लिखे। हालांकि यह नहीं है कि उनके गाने हिट नहीं हुए। उनके कुछ ऐसे कल्ट गाने भी बने, जो ब्लॉकबस्टर बने। साल 1963 में उन्होंने फिल्म पारसमणि के लिए गीत लिखे। इस फिल्म के गाने हिट रहे। फिल्म का एक गाना 'हंसता हुआ नूरानी चेहरा' आज भी सुपरहिट है। इस गाने को लता मंगेशकर और कमल बरोत ने गाया था। इसके अलावा उन्होंने साल 1972 में आई फिल्म रूप तेरा मस्ताना के लिए 'सौ बार जनम लेंगे, सौ बार फना होंगे', 1965 में आई फिल्म एक सपेरा एक लुटेरा के लिए 'हम तुमसे जुदा होके, मर जाएंगे रो-रो के' समेत कई गाने गाए।

खबर संक्षेप

प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल प्रांगण में लगाए गए विभिन्न प्रकार के पौधे

अकलतरा। अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला के राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष एवं महिला इकाई एवं भवानी जन सेवा समिति द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वर्षा यादव एवं आर. के.पाण्डेय के मार्गदर्शन में पौधारोपण कार्यक्रम गोद ग्राम कटघरी में आयोजित किया गया। कटघरी के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड की व्यवस्था भवानी जन सेवा समिति के अध्यक्ष एवं समाज सेवी प्रकाश केडिया ने किया। इस अवसर पर रा.से. यो. इकाई ने शाल श्रीफल से उनका सम्मान किया। स्वयंसेवकों एवं शाला के छात्रों को प्राचार्य आर.के. विश्वकर्मा ने पर्यावरण शपथ दिलाया। स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में विभिन्न वार्डों पर स्वच्छता अभियान चलाया तथा जागरुकता रैली का आयोजन किया तथा माई भारत पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कटघरी के सरपंच श्रीमती फूल बाई नायक उपसरपंच बालचंद सिंह, पंच गण, जनपद सदस्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष रामकुमार नायक,प्रधान पाठक गोविंद देवांगन, श्रीमती विजय लक्ष्मी सिंह,रूपेश सिंह, संतोष राठी, फूलसिंह, नाजिया, सी.के.सोनी ,शाला स्टाफ तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

स्व. बिसाहूदास महंत की 48वीं पुण्यतिथि पर होंगे विविध आयोजन

सक्ती। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बिसाहू दास महन्त की 48वीं पुण्यतिथि के अवसर गुरुवार 23 जुलाई को सुबह 10 बजे बिसाहू दास महंत उद्यान हटरी रोड में विविध आयोजन होगा। पुण्यतिथि के अवसर पर जिले भर के कॉंग्रेसजनों व सामाजिक संगठन द्वारा श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किय जाएगा। कार्यक्रम नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महन्त, विधायक रामकुमार यादव, विधायक बालेश्वर साहू, विधायक राघवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक मंत्री नोवेल वर्मा, पूर्व विधायक चैन सिंह सामले, जिला कॉंग्रेस कमेटी श्रीमती रश्मि गबेल, जिला पंचायत सदस्य सरोज डड़सेना, पूर्णिमा खूंटे, जनपद पंचायत सक्ती की अध्यक्ष नीतू ऋषिराय, नगर पालिका परिषद सकती के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल की उपस्थिति में होगा। जिला कॉंग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल ने बताया कि स्व. बिसाहू दास महन्त के 48वीं पुण्यतिथि के अवसर आयोजित कार्यक्रम की तैयारी में आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता जुटे हुए है।

सोंठी में श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

सक्ती। जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सोंठी में 18 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस अवसर पर ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक तुलेश्वर देवांगन के निवास स्थान से भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के रथों को ग्राम भ्रमण के लिए रवाना किया गया। रथ यात्रा की शुरुआत विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती के साथ हुई। इसके बाद, ग्रामीणों ने श्रद्धाभाव से भगवान के रथ को खींचा। जय जगन्नाथ के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों और भजनों की धुन पर थिरकते श्रद्धालुओं महिलाओं ने फूल पान नारियल अगरबत्ती में थाली सजाकर अपने घर के द्वारा में पहुंचने पर रथ का स्वागत किया और भगवान का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर चौक में मेला का आयोजन किया गया जहां बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे पुरुष अपने परिवार के साथ खरीदारी करने पहुंचे तथा सवादिस्ट व्यंजनों का जायका लिया। इस अवसर पर गांव के पंच राम अवतार साहू द्वारा खिचड़ी प्रसाद बांटा गया। कोटवार कमल दास सहित अन्य लोगों ने भक्तजनों को खिचड़ी प्रसाद भोग वितरण में सहयोग किया।

निधन

के.के. सिंह

अकलतरा। नगर के वरिष्ठ पत्रकार के. के. सिंह का 76 वर्ष की आयु में 20 जुलाई को निधन हो गया। वे पिछले लगभग 40 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहकर समाज और जनहित से जुड़े मुद्दों को निष्पक्षता एवं समर्पण के साथ उठाते रहे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार एवं असंख्य शुभचिंतकों को शोकाकुल छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 21 जुलाई को प्रातः 10 बजे मुक्तिधाम अकलतरा में संपन्न होगा।

सुबह से शाम तक कृषक अपने परिवार और मजदूरों के साथ खेतों में कर रहे हैं मेहनत

झमाझम बारिश के बाद खेतों में लौटी रौनक, किसानों ने शुरू की धान रोपाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

खेत में धान का रोपा लगाते किसान।

नवागढ़ विकासखंड के ग्राम तुस्मा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में एक बार फिर रौनक लौट आई है। पर्याप्त वर्षा होने के बाद किसानों ने धान रोपाई का कार्य शुरू कर दिया है। कहीं खेतों में मजदूरों की टोली धान की रोपाई में जुटी हुई है तो कहीं किसान ट्रैक्टर और हल से खेतों की अंतिम जुताई कर रहे हैं। वहीं कुछ किसान सीधे खेतों में धान का छिड़काव (बोनी) भी कर रहे हैं।

ग्रामीण अंचल की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है। क्षेत्र के लगभग 85 प्रतिशत किसान खेती किसानी पर ही निर्भर हैं। खरीफ सीजन शुरू होते ही किसानों की दिनचर्या पूरी तरह बदल गई है। सुबह से शाम तक किसान अपने परिवार और मजदूरों के साथ खेतों में मेहनत कर रहे हैं ताकि समय पर रोपाई पूरी हो सके और अच्छी फसल प्राप्त हो। हालांकि इस वर्ष मानसून की शुरुआत किसानों की अपेक्षा के अनुरूप नहीं रही। शुरुआती दिनों में पर्याप्त बारिश नहीं होने से खेती का कार्य प्रभावित हुआ और किसानों की चिंता बढ़ गई थी। बारिश में देरी के कारण खेतों की तैयारी और रोपाई का कार्य भी पिछड़ गया था, लेकिन अब लगातार हो रही वर्षा ने किसानों को राहत दी है, जिससे कृषि कार्यों ने गति पकड़ ली है। किसानों का कहना है कि धान की अच्छी पैदावार के लिए खेत की सही तैयारी सबसे महत्वपूर्ण होती है। रोपाई से पहले खेतों की कई बार जुताई कराई जाती है। इसके लिए हल या ट्रैक्टर का उपयोग किया जाता है, जिससे मिट्टी अच्छी तरह पलटकर मुलायम और भुरभुरी हो जाती है। इससे खेत में पानी का समुचित संरक्षण होता है और धान के पौधों की जड़ें आसानी से मिट्टी में जम जाती हैं। किसानों ने बताया कि जब मिट्टी अच्छी तरह तैयार रहती है तो रोपाई करने वाले मजदूरों को भी धान का रोपा लगाने में आसानी होती है। इन दिनों गांव के खेतों में सुबह से ही किसानों और मजदूरों की चहल-पहल देखने को मिल रही है। महिलाएं और पुरुष एक साथ धान की रोपाई में जुटे हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार समय पर रोपाई,संतुलित उर्वरकों का उपयोग,खरपतवार नियंत्रण और सिंचाई का उचित प्रबंधन अपनाने से धान की बेहतर उपज प्राप्त की जा सकती है। यदि मौसम अनुकूल बना रहा तो इस वर्ष क्षेत्र में धान उत्पादन अच्छा रहने की उम्मीद है। फिलहाल ग्राम तुस्मा और आसपास के गांवों के किसानों में नई उम्मीद दिखाई दे रही है। खेतों में शुरू हुई धान रोपाई ने ग्रामीण अंचल में फिर से रौनक लौटा दी है और किसान अच्छी पैदावार की आस के साथ पूरे उत्साह से कृषि कार्यों में जुट गए हैं।

विकसित भारत जी राम जी योजना से बदलेगी गांवों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- गेबियन स्ट्रक्चर निर्माण से मिल रहा रोजगार, जल संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

विकसित भारत जी राम जी योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के साथ-साथ स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण का मजबूत माध्यम बनकर उभर रही है। योजना के तहत ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने के साथ जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन एवं आधारभूत विकास कार्यों को गति मिल रही है।

जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पेंड्री में नाला पर गेबियन स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य जोबी डूडमाही नाला में खम्हन के खेत के पास लगभग 4.75 हजार एवं बलदाऊ के खेत के पास 4.74 लाख की स्वीकृत राशि से कराया जा रहा है। इस संरचना के निर्माण से वर्षा जल का संरक्षण होगा, भू-जल स्तर में वृद्धि होगी तथा आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। इससे जल संकट की समस्या में कमी आएगी और कृषि कार्यों को भी स्थायी आधार मिलेगा। साथ ही मिट्टी के कटाव पर नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। निर्माण कार्य में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रमिक कार्यरत हैं। श्रमिकों ने बताया कि विकसित भारत जी राम जी योजना के माध्यम से उन्हें अपने ही गांव में नियमित रोजगार मिल रहा है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। अब रोजगार के लिए दूसरे शहरों की ओर पलायन करने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है और परिवार के साथ रहते हुए सम्मानपूर्वक आजीविका अर्जित कर रहे हैं।

बनाहिल कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने चार प्रशिक्षण शिविरों में दिखाया दम

अकलतरा। श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल की एनसीसी इकाई के कैडेट्स ने मई से जुलाई के बीच आयोजित चार महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शिविरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और दक्षता का परिचय दिया। विभिन्न प्रतियोगी गतिविधियों में भाग लेकर कैडेट्स ने बी एवं सी सर्टिफिकेट की तैयारी की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। महाविद्यालय के कैडेट्स ने सरस्वती विद्यालय कोरबा, प्रथम छत्तीसगढ़ बटालियन कोरबा, श्री रमन विश्वविद्यालय कोटा तथा लाखोली (रायपुर) में आयोजित प्रशिक्षण शिविरों में मैप रीडिंग, फायरिंग, ड्रिल, दूरी का अनुमान, सिग्नल संचार, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा बाधा दौड़ जैसी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई।विशेष रूप से कैडेट कैलाश निर्मलकर (मैप रीडिंग) और षणानंद राठौर (जजिंग डिस्टेंस एंड फील्ड सिग्नल) ने लगातार तीन प्रशिक्षण शिविरों के लिए चयनित होकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं अश्वनी कुमार खांडे, दीपक कुमार कश्यप, जय कुमार, आयुषी यादव, मंजुलता उईके, नीतू सिंह, माया तथा अक्षु डहरिया ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के संचालक डॉ. जे. के. जैन, प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह तथा एनसीसी अधिकारियों ने सभी कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करते हैं।

सफलता के लिए धैर्य, अनुशासन, निरंतर अभ्यास और सही रणनीति जरुरी : राणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस पर अंतर कक्षा शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर सोमवार 20 जुलाई को विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, तार्किक चिंतन एवं निर्णय लेने की योग्यता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य अंतर कक्षा शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रणनीतिक सोच और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य पुष्पेन्द्र कुमार राणा एवं वरिष्ठ शिक्षक डा. जागेन्द्र कुमार कुलमित्र के मध्य खेले गए उद्घाटन मैच से हुआ।

शतरंज खेलते खिलाड़ी।

दोनों शिक्षाविदों ने शतरंज की बारीकियों का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों को खेल की रणनीति, धैर्य, अनुशासन और दूरदर्शिता का संदेश दिया। इसके पश्चात विभिन्न वर्गों के प्रतिभागियों के मध्य मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने संयम, एकाग्रता और उत्कृष्ट रणनीति का परिचय देते हुए रोमांचक खेल प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन का सूक्ष्म मूल्यांकन कर उत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन किया। प्राचार्य पुष्पेन्द्र कुमार राणा ने कहा कि शतरंज हमें सिखाता है कि सफलता केवल बुद्धिमत्ता से नहीं, बल्कि धैर्य, अनुशासन, निरंतर अभ्यास और सही रणनीति से प्राप्त होती है। इस खेल का प्रत्येक मोहरा हमें जीवन का एक महत्वपूर्ण संदेश देता है, नेतृत्व, सहयोग, त्याग, साहस और समय का सदुपयोग। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन भी एक शतरंज की बिसात की तरह है। यहां हर निर्णय सोच-समझकर लेना होता है। कठिन परिस्थितियां आएंगी, चुनौतियां सामने होंगी, लेकिन जो व्यक्ति शांत मन से विचार करता है और आत्मविश्वास बनाए रखता है, वही अंततः विजयी होता है। विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर शतरंज स्पर्धा के सफल आयोजन हेतु स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल और निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, श्रीमती चंचल अग्रवाल, तनिष अग्रवाल, प्रशासक विपिन गुप्ता ने विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

जिले के 11 टीचर राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

पुरस्कार के साथ उपस्थित शिक्षकगण।

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा जिले के 11 शिक्षकों को स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया ।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु द्विवेदी प्रधान संपादक हरिभूमि थे । डॉ. पूर्णानंद मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत ने संस्था की गतिविधियों की विस्तृत जकनकारी दी। इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए देशभर से लगभग 700 आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी आवेदनों का गहन अध्ययन, मूल्यांकन एवं सत्यापन राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के उच्चस्तरीय पैनल द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए विभिन्न राज्यों से 250 उत्कृष्ट शिक्षकों का अंतिम चयन सम्मान के लिए किया गया । चयन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्ता आधारित रही। उक्त पुरस्कार हेतु जांजगीर -चांपा जिला से ममता जायसवाल, अलकीन खान, शबीना बानो खान , रजिया अंजुम शेख, ज्योति सराफ, डॉ बोधीराम साहू, डॉ चमेली साहू, डॉ ऋतम्भरा शीशपाल, चंद्रिका पटेल, इंदिरा पंकज, हरनारायण कुर्रे को पुरस्कृत किया गया। यह सम्मान केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का राष्ट्रीय अभिनंदन है। चयनित शिक्षकों ने अपने विद्यालयों और समुदायों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचारी शिक्षण पद्धतियों, बाल-केंद्रित गतिविधियों, नैतिक मूल्यों के संवर्धन, डिजिटल शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। ऐसे शिक्षकों का सम्मान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा तथा पूरे देश में शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा प्रदान करेगा। संस्था के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जितेन्द्र मिश्रा ने बताया कि यह आयोजन देशभर के शिक्षकों को एक साझा मंच प्रदान करेगा ।

एसडीएम ने ली बैठक, वैधानिक कार्रवाई किए जाने के आश्वासन पर आंदोलन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों से चर्चा करते एसडीएम।

नगर पंचायत राहौद में शासकीय भूमि पर कथित अवैध रूप से निर्मित चर्च को हटाने की मांग को लेकर बजरंग दल द्वारा 21 जुलाई को प्रस्तावित एसडीएम कार्यालय पामगढ़ घेराव से पहले प्रशासन सक्रिय हो गया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आर.के. तंबोली की पहल पर आयोजित बैठक में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, राजस्व व पुलिस अधिकारियों के बीच मामले पर चर्चा हुई। प्रशासन ने वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद संगठन ने अपना प्रस्तावित घेराव कार्यक्रम स्थगित करने की घोषणा की।

नगर पंचायत राहौद में स्थित चर्च को हटाने के लिए बजरंग दल द्वारा दिये गए आवेदन में कोई कार्यवाही नहीं होने के पर बजरंग दल द्वारा 21 जुलाई को एसडीएम आफिस घेराव की सूचना दी गई। इस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आर.के.तम्बोली द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये 19 जुलाई को नगर पंचायत कार्यालय राहौद एवं एसडीएम कार्यालय पामगढ़ में नगर पंचायत राहौद स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 55/1 पर निर्मित कथित अवैध चर्च के संबंध में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों व सदस्यों तथा प्रशासनिक अधिकारियों राजस्व एवं पुलिस के मध्य बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रकरण के संबंध में चर्चा की गई तथा प्रशासन द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। इस पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा सहमति व्यक्त की गई। बैठक में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर सभी पक्षों द्वारा सहमति व्यक्त की गई। तत्पश्चात 21 जुलाई को प्रस्तावित एसडीएम आफिस घेराव स्थगित की गई।

जागरूकता अभियान में पुलिस ने महिला सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और संदिग्ध गतिविधियों के संबंध में दी जानकारी

एनआरआई से संबंधित कोई संदिग्ध जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल नजदीकी थाने को दें सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

नगरवासियों को जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

सामुदायिक पुलिसिंग को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जांजगीर-चांपा पुलिस ने शिवरीनारायण चौपाटी परिसर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा तथा अप्रवासी भारतीयों (एनआरआई) से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी देकर सतर्क रहने का संदेश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में डीएसपी (अजाक) श्रीमती सतरूपा तारम की उपस्थिति रही। थाना शिवरीनारायण के पीएसआई रितेश परमार ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि किसी अप्रवासी भारतीय (एनआरआई) से संबंधित कोई संदिग्ध जानकारी प्राप्त होती है या किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो, तो इसकी सूचना तत्काल टोल-फ्री हेल्पलाइन अथवा नजदीकी पुलिस थाना को दें। उन्होंने कहा कि समय पर दी गई सूचना कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जरूरतमंदों की सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।कार्यक्रम में साइबर अपराधों के लगातार बदलते तरीकों से लोगों को सतर्क करते हुए बताया गया कि अज्ञात कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, एटीएम या यूपीआई संबंधी गोपनीय जानकारी किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाए, तो बिना देर किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं तथा निकटतम पुलिस थाना में सूचना देकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें।महिला सुरक्षा को लेकर भी पुलिस अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी। महिलाओं एवं युवतियों को उनके कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों तथा किसी भी प्रकार की आपराधिक या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जागरूकता और सतर्कता ही अपराधों की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में पीएसआई कविता एवं महिला आरक्षक दिव्या सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।